**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 3 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

======================================

1. किसानों को वैश्विक बाज़ारों से जोड़ने और कृषि क्षेत्र में नए अवसर सृजित करने के लिए देश की प्रतिष्ठित मसाला कंपनी और हरियाणा के 6 किसान उत्पादक संगठनों के बीच समझौता हस्ताक्षर किया गया।

2. डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक केवल सिंह ढिल्लों ने पंजाब भाजपा के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला।

3. केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री मनसुख मांडविया ने युवा वर्ग से साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

4. हरियाणा की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम करने का आह्वान किया।

5. मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में आज और कल कहीं-कहीं और 5 और 6 जून को कुछेक जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई ।

===============================

पंचकूला के मोरनी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में आज देश की प्रतिष्ठित मसाला कंपनी एमडीएच और हरियाणा के छः किसान उत्पादक संगठनों के बीच महत्वपूर्ण करार हुआ। विदेश सहयोग विभाग और बागवानी विभाग द्वारा क्रियान्वित इस पहल का उद्देश्य किसानों को वैश्विक बाजारों से जोड़ना, उनकी आय बढ़ाना तथा कृषि क्षेत्र में नए अवसर सृजित करना है।

इस समझौते के तहत पंचकूला जिले के मोरनी क्षेत्र में अदरक, हल्दी, मिर्च सहित विभिन्न मसाला फसलों की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। मसाला कंपनी किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, विपणन तथा खरीद संबंधी सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही हरियाणा में कीटनाशक-मुक्त और टिकाऊ खेती को प्रोत्साहित करते हुए किसानों से सीधे खरीद व्यवस्था को भी मजबूत बनाया जाएगा।

किसानों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में मोरनी क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की गई थी, उसी के अनुरूप मोरनी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में आज यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को किसी भी प्रकार के घाटा होने की स्थिति में भरपाई की जाएगी। इसके अलावा प्राकृतिक खेती करने वालों किसानों को बाजार भाव से 10 प्रतिशत अधिक फसल मूल्य कंपनी द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रारंभिक चरण में लगभग 4 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती शुरू की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझौता हरियाणा के किसानों को वैश्विक कृषि व्यापार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे हरियाणा के किसान पहली बार देश की सीमाओं से बाहर जाकर अफ्रीकी देशों में खेती और कृषि कारोबार से जुड़ सकेंगे।

========================================

पेशे से रेडियोलॉजिस्ट **डॉ. अर्चना गुप्ता** ने भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में पार्टी मुख्यालय में उन्हें पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर श्री सुभाष बराला, मोहन लाल बड़ौली, श्रीमती श्रुति चौधरी एवं कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव व अन्य की वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री नायब सिंह ने कहा -

1-सी एम -26 सेकंड

**डॉ. अर्चना गुप्ता** ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की जगह ली है। इस नियुक्ति से पहले वह हरियाणा बीजेपी की प्रदेश महासचिव थीं।

पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ता नीचे से सर्वोच्च पद पर पहुँच सकता है।

==============================================

पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता **केवल सिंह ढिल्लों** ने आज आधिकारिक तौर पर पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ का स्थान लिया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हे उनका पदभार ग्रहणकराया।इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह समेत कई पदाधिकारी उनके साथ मौजूद रहे।

===================================

केन्द्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री मनसुख मांडविया ने सभी से साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना कर फिट, स्वस्थ तथा विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान भी किया है। आज विश्व साइकिल दिवस पर उन्होंने विशेष तौर पर युवा वर्ग को साइकिलिंग को अपनाने को कहा ।

केन्द्रीय खेल मंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी देशवासियों से पेट्रोल, डीजल आदि ईंधन से चलने वाले वाहनों पर निर्भरता कम करने का आग्रह किया है। ऐसे में साइकिलिंग एक प्रभावी और सकारात्मक समाधान है।

=======================

भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने आज कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र सरकार ने 12 वर्ष में जो योजनाएं दी हैं वो उनका लाभ नीचे तक पहुंचाने का काम करें।

उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है।

डॉ अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बढ़े स्तर पर मनाने के लिए अपना योगदान देने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज दुनियाँ भर के लोग योग से जुड़ रहे हैं।

==============================================

मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में आज और कल कहीं-कहीं और 5 और 6 जून को कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। हरियाणा में अंबाला जिले में आंधी चलने और बारिश होने की खबर भी मिली है।

मौसम विभाग ने कहा है कि दो दिनों में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आएगी, और उसके बाद फिर से बढ़ोतरी होगी। विभाग के अनुसार आज और कल 50 से 60 किलोमीटर राज्य में 5 और 6 जून को 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से कुछ जगहों पर आंधी चलने और बिजली कड़कने की संभावना भी जताई है।

======================================

पलवल के उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पलवल सहित हरियाणा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तृतीय चरण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस दौरान 15 जून से 14 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और आवश्यक फॉर्म भरवाए जाएंगे।

ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ. छिल्लर ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की अर्हता तिथि 1 जुलाई है।

उन्होने बताया कि मतदान केंद्रों का पुनर्गठन 14 जुलाई तक और ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक रहेगी और दावों एव आपत्तियों का निस्तारण 21 जुलाई से 18 सितंबर तक किया जाएगा जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर को होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों से एसआईआर में सहयोग की अपील की है।

==================================